भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2936

जिसका उत्तर 08.08.2024 को दिया जाना है

तमिलनाडु में तटीय राजमार्ग

2936. श्री के. गोपीनाथ:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में तटीय राजमार्ग के निर्माण का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इसके कब तक शुरू होने और पूरा होने की संभावना है; और

(ग) इस परियोजना में देरी के क्या कारण हैं और इसकी लागत में वृद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

अनुबंध

'तमिलनाडु में तटीय राजमार्ग' के संबंध में श्री के. गोपीनाथ द्वारा पूछे गए दिनांक 08.08.2024 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2936 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

तमिलनाडु राज्य में तटीय राजमार्ग परियोजनाओं का विवरण							
क्र. सं.	खंड / पैकेज का नाम	लंबाई (किमी)	लागत (करोड़ रु.)	शुरू होने की तारीख	वास्तविक प्रगति (%)	पूरा होने की निर्धारित /संशोधित तारीख	देरी के कारण
1	एनएच-332ए के मामल्लपुरम (महाबलीपुरम)-मुगैयुर खंड को 4-लेन का बनाना	31.00	1360.53	12.05.2022	33.01%	अगस्त, 2025	भूमि सौंपने सहित भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में देरी। 2. जल संसाधन विभाग, तमिलनाडु सरकार द्वारा बडे पुलों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने में देरी। 3. बरो अर्थ लेने की अनुमति जारी करने में देरी । 4. रियायतग्राहियों द्वारा पर्याप्त संसाधन जुटाने में देरी
2	एनएच-332ए के मुगैयूर से मरक्कनम खंड को 4 लेन का बनाना	31.00	1116.13	07.12.2023	17.32%	दिसंबर, 2025	
3	एनएच-332ए के मराक्कनम से कूनीमेडु खंड को 4 - लेन का बनाना	14.50	311.91	-	-	-	कार्य सौंप दिया गया, तिथि नियत नहीं
4	एनएच-332ए के कूनीमेडु से पुडुचेरी खंड को 4 लेन का बनाना	31.55	951.98	-	-	-	कार्य सौंप दिया गया, तिथि नियत नहीं
5	एनएच-32 (पुराना एनएच-45ए) के पुडुचेरी - पूंडियांकुप्पम खंड को 4 लेन का बनाना	38.00	1588.40	15.11.2021	91.86%	सितंबर, 2025	पुडुचेरी सरकार द्वारा भूमि के लिए मुआवज़ा निर्धारित न किए जाने के कारण 230 केवी और 110 केवी ईएचटी लाइनों का स्थानांतरण लंबित है। 2. रियायतग्राही द्वारा पर्याप्त संसाधन जुटाने में देरी।

6	एनएच-32 (पुराना एनएच-45ए) के पूंडियांकुप्पम - सत्तनाथपुरम खंड को 4 लेन का बनाना	56.80	2565.63	20.01.2022	98.79%	सितंबर, 2025	1. एनएलसी द्वारा फ्लाई ऐश जारी न करना। 2. आवश्यक भूमि का वास्तविक कब्ज़ा सौंपने सहित भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में देरी। 3. आरओबी के लिए दक्षिण रेलवे से अनुमोदन प्राप्त करने में देरी ।
7	एन-32 (पुराना एनएच-45ए) के सत्तनाथपुरम - नागपट्टिनम खंड को 4-लेन का बनाना	55.76	2790.89	05.10.2020	48.15%	अगस्त, 2025	1. एनएलसी द्वारा फ्लाई ऐश जारी न करना। 2. आवश्यक भूमि का वास्तविक कब्ज़ा सौंपने सहित भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में देरी। 3. रियायतग्राही द्वारा उचित योजना न बनाना और संसाधन नहीं जुटाना ।
8	एनएच-32 के नागापट्टिनम से रामनाथपुरम से होकर तूतीकोरिन तक के खंड को 4-लेन का बनाना	312.36	-	-	-	-	डीपीआर का कार्य सौंप दिया गया है।

संबंधित अनुबंधों के प्रावधानों के अनुसार ठेकेदार/रियायतग्राही को मूल्य वृद्धि का भुगतान करना होगा। अंतिम वृद्धि की धनराशि परियोजना के पूरा होने पर निर्धारित की जाती है।

*****